माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID - registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक :1453/सम्ब0/02/MSU/2022–23 दिनांक : 17.09.2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय :– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 लागू किये जाने के दृष्टिगत B.Com Honours, B.Sc Honours, B.Sc Chemistry Honours आदि पाठ्यक्रम संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अन्तरिम कार्यपरिषद की बैठक दिनांक : 14.09.2022 में किया गया निम्नलिखित निश्चय अवलोकनार्थ प्रस्तुत है :–

"परिषद द्वारा निश्चय किया गया कि चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 बी0ए0, बी0कॉम0 एवं बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम में लागू हो चुकी है, जिसके अनुसार उक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षा हेतु सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। अतः ऐसी स्थिति में उक्त पाठ्यक्रमों में आनर्स पाठ्यक्रम चलाने का कोई आधार नहीं है। जिन महाविद्यालयों में उक्त पाठ्यक्रम संचालन हेतु सम्बद्धता पूर्व से प्राप्त है, उनसे इस आशय की सहमति प्राप्त कर ली जाये कि उक्त महाविद्यालय सम्बन्धित पाठ्यक्रम को किस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत (बी0एस–सी0 बॉयो अथवा गणित) संचालित करना चाहते है। पूर्व संचालित बी0कॉम0 आनर्स पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार मात्र बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के रूप में ही संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान की जा सकती है।"

कृपया उक्त निश्चय के तारतम्य में तत्काल इस आशय की सहमति प्रेषित करने का कष्ट करें कि आपके यहां संचालित बी0एस–सी0 रसायन विज्ञान आनर्स पाठ्यक्रम को आप किस पाठ्यक्रम (बी0एस–सी0 बॉयो अथवा गणित) के अन्तर्गत संचालित करना चाहते है? अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आप उक्त पाठ्यक्रम किसी भी रूप में चलाने के इच्छुक नहीं है।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

01. सहायक कुलसचिव।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

कुलसचिव